हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 अप्रैल 2024

06 हर कार्यकर्ता स्वयं प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ेः प्रतापभानु




08 यातायात पुलिस ने एसएसटी पॉइंट पर की वाहनों की जांच





**लोकसभा क्षेत्र**

होशंगाबाद

1 भाजपा प्रत्याशी

दर्शन सिंह चौधरी

2 कांग्रेस प्रत्याशी

संजय शर्मा

**पिछली बार कौन जीता**

राव उदय प्रताप

**जीत का अंतर**

5 लाख 53 हजार 682

## होशंगाबाद लोकसभा सीट पर कभी भी जातीय आधार पर सफलता नहीं मिल सकी

# दूसरे दलों ने पत्ते नहीं खोले, भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला

*होशंगाबाद लोकसभा सीट मध्यप्रदेश में हमेशा चर्चित सीट रही है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह यहां से चुनाव हार चुके हैं और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जीत चुके हैं। कर्नाटक से आए नेता भी चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। इस सीट से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने कांग्रेस के दीवान शैलेंद्र सिंह को 5 लाख 53 हजार 682 वोटों के बड़े अंतर से हराया था।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

आनंद सक्सेना ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की होशंगाबाद लोकसभा पर इस बार कांग्रेस ने संजय शर्मा तो भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है। यही कारण है कि अब इस सीट का मुकाबला दिलचस्प हो चुका है।

होशंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने होशंगाबाद नरसिंहपुर सीट से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद से चौधरी लगातार लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। दर्शन सिंह किरार धाकड़ समाज से आते हैं। उन्हें पूर्व सीएम शिवराज सिंह का करीबी माना जाता है। वहीं कांग्रेस ने तेंदुखेड़ा के



दर्शन सिंह चौधरी



संजय शर्मा

पूर्व विधायक संजय शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। शर्मा ने भी चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में संजय शर्मा पूर्व में चुनाव प्रभारी भी रह चुके हैं। गौरतलब है कि होशंगाबाद लोकसभा सीट पर 1951 से लेकर 2019 तक 16 आम चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जबकि 8 चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की है। इसके अलावा 2 बार दूसरे दलों को जीत मिली है। यहां से वर्ष 1967 और 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी नीतिराज सिंह लगातार 2 बार जीत हासिल की थी। वर्ष 1977 में पहली बार इस सीट पर कांग्रेस और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के बजाय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1980 और 1984 में कांग्रेस के रामेश्वर नीखरा लगातार दो बार सांसद चुने गए, लेकिन वर्ष 1989 में भाजपा के सरताज सिंह ने पहली बार जीत हासिल की और वर्ष 1999 तक लगातार यहां से चुनाव जीतते रहे।

वर्ष 2009 में लंबे समय बाद कांग्रेस की वापसी हुई, लेकिन वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा ने यहां से फिर जीत हासिल की थी। इस समय लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल अलग है। इसलिए साफ तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। मतदान और वोटों की गिनती के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया

पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को एक भी सफलता नहीं मिली। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सांसद रहते हुए उदय प्रताप सिंह विधानसभा चुनाव जीते और मंत्री बने। बता दें कि होशंगाबाद लोकसभा सीट से वर्ष 1951 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के सैयद अहमद ने जीत दर्ज की थी। जबकि वर्ष 1952 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था, जिसमें प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के एचवी कामथ चुनाव जीते थे। वर्ष 1957 में कांग्रेस ने यहां वापसी की थी। यह वापसी अगले चुनाव यानि कि वर्ष 1962 में फिर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के हरिविष्णु कामथ के पाले में गई।

### आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं लोकसभा में

होशंगाबाद लोकसभा सीट में नर्मदापुरम, सोहागपुर, सिवनी मालवा और पिपरिया आते हैं, जबकि नरसिंहपुर जिले की नरसिंहपुर, तेंदुखेड़ा और गाडरवारा विधानसभा सीट शामिल है। इसके अलावा रायसेन जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट भी होशंगाबाद लोकसभा सीट में ही आती है। होशंगाबाद लोकसभा सीट भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाता है। यही कारण है कि इस सीट पर कई दिग्गज मैदान में उतरते रहते हैं। इस सीट पर पहले 2 पूर्व मुख्यमंत्री भी अपनी भाग्य आजमा चुके हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता अर्जुन सिंह यहां से चुनाव लड़े थ, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने 1999 में यहां से जीत हासिल की थी।

### आबादी में जातियों का समीकरण

होशंगाबाद लोकसभा सीट में लोधी कुर्मी लोवंशी 12 प्रतिशत किरार 6 प्रतिशत, ब्राह्मण 2 7 प्रतिशत, रघुवंशी 12 प्रतिशत गौंड 9 प्रतिशत, मुस्कान 7 प्रतिशत, बौद्ध 2 प्रतिशत, जैन 1 प्रतिशत, एससी 12.5 प्रतिशत, एसटी 16.5 प्रतिशत ठाकुर 5 प्रतिशत है। यहां कभी भी जातीय आधार पर वोटिंग नहीं हुई। यहां से सैयद मुशा से लेकर उदय प्रताप सिंह तक हमेशा कम वोटर वाली जाति के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। सरताज सिंह 3 बार जीते, जबकि सिख वोटर न के बराबर है। रामेश्वर नीखरा 2 और सुंदरलाल पटवा 1 बार चुनाव जीते, जबकि वैश्य समाज से वोटर बहुत कम रहे।

### क्या रहेंगे मुद्दे?

अवैध रेत खनन यहां का बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा यहां नहरों की लाइनिंग की मांग काफी पुरानी है। कृषि आधारित इंडस्ट्रीज यहां की पुरानी मांग है, जबकि एक भी बड़ा कॉलेज न होने से विद्यार्थी काफी परेशान हैं। किसी प्रकार का आईटी उद्योग नहीं है। आईटी पार्क की भी पुरानी मांग है। होशंगाबाद लोकसभा के हर चुनाव में शिक्षा व रोजगार को लेकर कई वादे किए जाते हैं, लेकिन कभी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। इसको लेकर अभी हाल ही में शिक्षा हब बनाने की प्लानिंग बनी, लेकिन उस पर भी अभी कोई काम नहीं हुआ। इस बार होशंगाबाद के मतदाता अपनी पुरानी मांगों को उम्मीदवारों के सामने रखने का मन बना चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या

**कुरवाई।** करैया गांव में एक व्यक्ति ने घर के अंदर कच्चे मकान की मियार पर फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। प्रधान आरक्षक शेर सिंह को गांव के चौकीदार ने सूचना दी। 30 वर्षीय गोवर्धन अहिरवार को फंदे से उतारकर चिकित्सालय लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्ट मार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है

### कैशलेस उपचार की सुविधाएं दी जाएगी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि लोकसभा चुनाव में तैनात पुलिस एवं मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों को चुनाव कार्य के दौरान घायल होने की स्थिति में कैशलेस उपचार तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर वैद्य ने मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय सहित अन्य अधिकृत चिकित्सालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रखने के संबंध में निर्देश दिए हैं।

### अतिरिक्त प्रभार सौंपने का आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर ने जिला ई-गवर्नेस प्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार जिला लोक सेवा प्रबंधन को सौंपने का आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब हो कि विदिशा जिले में रिक्त पद की पूर्ति के संदर्भ में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग तथा लोक सेवा प्रबंधन विभाग प्रमुख सचिव द्वारा जारी निर्देशों के पालन में जिला लोक सेवा प्रबंधन अमित अग्रवाल को आगामी आदेश तक जिला ई-गवर्नेस प्रबंधक विदिशा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### युवराज मार्शल आर्टस एकेडमी का शुभारंभ कल

**विदिशा।** युवराज मार्शल आर्टस एकेडमी का शुभारंभ 2 अप्रैल को शाम 5:30 बजे मुखर्जी नगर हनुमान मंदिर के पास होगा। विदिशा डिस्ट्रिक्ट कराटे डेव्लपमेंट एण्ड वेलफेयर एसोसिएशन युवराज क्लब शेरपुरा में विगत 20 वर्षों से बालक- बालिकाओं एवं छोटे बच्चे मार्शल आर्टस कराते का प्रशिक्षण दे रहा था, लेकिन ग्राउंड खुला होने के कारण बारिश का पानी भरने से एवं शीतकाल में ठंड अधिक पड़ने से ग्राउंड परिसर में मच्छर एवं जहरीले जीव जन्तुओं का भी बच्चों को भय बना रहता था। जिससे दो से तीन महीने तक प्रशिक्षण रोकना पड़ता था।

## बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया

**विदिशा से 1 लाख वोट से जिताने का दिलाया संकल्प**

# शशांक भार्गव के घर पहुंचे शिवराज सैकड़ों कांग्रेसी भाजपा में शामिल

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 300 से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराया। उनके निवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सभी का भाजपा में स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होने अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ विदिशा आए।

इससे पहले वह कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक शशांक भार्गव के निवास पर पहुंचे। पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने करीब 300 से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी के गले में भाजपा का गमछा डालकर स्वागत किया। इसके बाद वह बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचे और गणेश मंदिर पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। गणेश मंदिर पर हजारों



विदिशा। पूर्व विधायक के निवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

की संख्या में कार्यकर्ता पहले से ही मौजूद थे। विधायक मुकेश टंडन और पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने अपने भाषण में कार्यकर्ताओं से कहा की इस बार विदिशा रायसेन लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को अकेले विदिशा विधानसभा से ही एक लाख वोटों से जिताएंगे और पूर्व लोकसभा क्षेत्र से शिवराज सिंह चौहान अब तक के रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा की मैंने विदिशा में पहली बार गणेश मंदिर के दर्शन किए। गणेश जी से प्रार्थना करते हैं

- गणेश मंदिर पर हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता।

की जो भी व्यावधान होंगे वह गणेश जी दूर करेंगे। उन्होंने कहा की गणेश मंदिर से लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो रही है। मप्र में शिवराज सिंह चौहान रिकार्ड मतों से जीतेंगे। पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा की भाजपा में आने से पहले मैंने पूर्व सीएम से मांग की थी कि नर्मदा के जल का विदिशा बेतवा में संगम कराना है। उन्होंने मेरी इस मांग को स्वीकार किया और बेतवा में नर्मदा का जल आएगा। पूर्व मंत्री एवं विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, जिपं अध्यक्ष कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा मौजूद रहे। संचालन श्यामसुंदर शर्मा ने किया।

## बस ने मारी ऑटो को टक्कर 10 घायल, एक की हुई मौत



विदिशा। हादसे में घायल हुए कई लोगों की हलत गंभीर बताई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

रविवार की सुबह करीला धाम मंदिर से दर्शन कर लौट रहे ऑटो को बस ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है की ऑटो में करीब 13 लोग सवार थे। जिनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 10 लोगों को विदिशा रेफर किया गया है। जिनमें से कुछ लोगों की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है।

ऑटो में ग्राम घिसोली थाना बबीना जिला झांसी के एक ही परिवार के 11 लोग ऑटो में सवार थे। मेहलुआचौराहे से करीबन 10 किलोमीटर दूर ग्राम विदिशा अशोकनगर मार्ग पर नेह पिपरिया के पास मुंगावली से कुरवाई आ रही बस क्रमांक एमपी 38 पीओ 0182 ने ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई। करीबन 10 घायल हो गए। घायलों ने बताया पूर्व में वह कुरवाई से होकर वापस घर जा रहे थे परंतु मुंगावली चंदेरी होकर रास्ता पास पड़ता। इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने कुरवाई होकर जाने वाला रस्ता बदलकर चंदेरी वाले रास्ते पर जाना तय किया, लेकिन उन्हें क्या मालूम था की 1 किलोमीटर दूर उनका मौत इंतजार कर रही है। इस हादसे में नंदू सिंह अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत मोबाइल से एंबुलेंस को फोन किया और मदद के लिए आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। प्राथमिक उपचार के लिए कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजो जहां से घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। ऑटो में टक्कर मारने बाला बस चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में शिवानी, भवर अहिरवार, आशा, रूपेश, सपना, मादी, गुड्डी बाई, धन कुंवर बाई, गिरजा बाई एवं राज अहिरवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एसआई पूजा रावत ने बताया की परिवार जनों को शिकायत बस चालक के विरोध 279 ,337 ,184, 304 ए के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया है।

### 56 वाहनों के चालान बनाए, 4 जब्त किए

**विदिशा।** रविवार को आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने वाहनों की जांच की। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर 56 वाहनों के चालान बनाए गए। 52 वाहनों से 73 हजार 500 रुपए का वसूल किया गया। शेष 4 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। रंगपंचमी उत्सव पर आयोजित होने वाले करीला मेला में नियम विरुद्ध जाने वाले वाहनों की चेकिंग के निर्देश मिले हैं। विशेष रूप से वाहनों में पात्रता से अधिक सवारी होने, भारवाही वाहनों में सवारी ढोने एवं वाहनों में वैध प्रपत्र ना होने तथा वाहन में अनुज्ञेय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में साथ ही वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगी ना होने, अवैध रूप से हूटर लगे होने पर कार्रवाई की गई।

### 10 बीघा की फसल हुई राख



**विदिशा।** शमशाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम झिरी में रतिपाल यादव सुनीता बाई यादव की 10 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गांव के सरपंच मनमोहन यादव ने बताया कि आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। बहुत ज्यादा नुकसान हो गया है। गांव के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आप पर काबू नहीं पाया जा सका।

### प्रशिक्षण आज से शुरू, 5 तक चलेगा

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव के लिए पांचों विधानसभाओं में निर्वाचन संबंधी प्रथम चरण का प्रशिक्षण मतदान दलों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का शेड्यूल जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जारी प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार एक से पांच अप्रैल के दरम्यिान नियुक्त सभी मतदान दलों के अधिकारियों को प्रशिक्षण नियत स्थलों पर विधानसभावार आयोजित किया गया है।

## विट्ठल नगर में छह माह पहले शुरू किया है अपना घर आश्रम

# अपना घर आश्रम में पहुंचे 80 से अधिक असहाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लगभग 6 माह पूर्व प्रारंभ हुए विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम का रविवार को अवलोकन कार्यक्रम हुआ। जिसमें एनडीटीवी के संपादक भरत अग्रवाल, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, डॉक्टर प्रीतम बाबू शर्मा, डॉ मीना अग्रवाल एवं भरतपुर से आए डॉ.व्हीएम भारद्वाज, शैलेंद्र त्यागी शामिल हुए। सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम गायक संजय दुबे एवं शशिकांत चतुर्वेदी द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति की गई। फिर अपना घर आश्रम विदिशा के अध्यक्ष डॉक्टर जीके



माहेश्वरी द्वारा संस्था की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि विट्ठल नगर विदिशा में रहने वाले विट्ठल दास डांगरा द्वारा सेवा कार्य हेतु दिए गए विशालकाय भवन में लगभग 6 माह पूर्व शुरू हुए हैं। इस आश्रम में अभी तक 96 असहाय असमर्थ एवं मंदबुद्धि व्यक्तियों को सड़कों से रेस्क्यू करके लाया गया है और व्यवस्थित जीवन देने का किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर बी एम भारद्वाज ने बताया कि भारत के अलग-अलग क्षेत्र में 80 से अधिक अपना घर आश्रम संचालित हो रहे हैं। पीड़ितों की निशुल्क सेवा जारी है। वहीं शैलेंद्र त्यागी ने भी इस सेवा कार्य की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। एनडीटीवी के संपादक डॉ भरत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि विदिशा समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और यहां पूर्व से किए जा रहे सेवा कार्यों में अब एक नया बड़ा सेवा कार्य अपना घर आश्रम के रूप में जुड़ गया है। जहां पीड़ित मानवता की सेवा अब आसानी से संभव हो सकेगी।

बाल आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, कुलपति डॉक्टर प्रीतम बाबू शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपना घर आश्रम की सेवा गतिविधियों को सराहा। इस कार्यक्रम में स्टेज पर एलइडी बोर्ड के माध्यम से सेवा गतिविधियों का प्रदर्शित किया गया और कार्यक्रम के अंत में अतुल शाह एवं संस्था के कोषाध्यक्ष घनश्याम डागा द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव विकास पचौरी द्वारा किया गया।

## साइकिल रैली में शामिल हुए 1400 से ज्यादा लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

साइकिल रैली एसएटीआई कॉलेज से शुरू हुई। जो शहर के मुख्य मार्ग पीतलमील चौराह, खरीफाटक रोड, माधवगंज चौराह, तिलक चैक से होते हुए खेल स्टेडियम में पहुंची। जहां साइकिल रैली का समापन हुआ। साइकिल रैली में शामिल लोग मतदाता जागरूकता के संदेश देते हुए चल रहे थे। मतदाता जागरूकता




साइकिल रैली में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी बीके वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट सहित कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, युवक-युवतियां शामिल रहे। रैली में 1400 से ज्यादा लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था।

## खबर संक्षेप

### लक्की बने शतरंज चैंपियनशिप के विजेता



**गंजबासौदा।** सागर शतरंज चैंपियनशिप के विजेता का खिताब प्राप्त कर लक्की अहिरवार ने नगर का नाम रोशन किया है। लक्की गुरु रविदास स्पोर्ट्स क्लब के शतरंज खिलाड़ी हैं। जिन्होंने हाल ही में आयोजित की गई सागर शतरंज चैंपियनशिप जीती है। इससे पहले भी लक्की स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता भी जीत चुके हैं। लक्की बहुत ही शांत स्वभाव के खिलाड़ी हैं, शतरंज खेलते वक्त बहुत धैर्य रखते हैं। सामने वाले खिलाड़ी के दिमाग मे चल रही चालों का वह अनुमान लगा लेते हैं। गुरु रविदास स्पोर्ट्स क्लब वार्ड क्रमांक 4 रवि जैसे कई खिलाड़ियों के लिए लगातार प्रोत्साहित करता है और उन्हें खेल सामग्री भी उपलब्ध कराता है।

### ग्राम अनबई में युवक के साथ मारपीट

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम अनबई में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के युवक के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अनबई निवासी विनोद सिंह लोधी के साथ उसी गांव के जितेंद्र लोधी, मोहर सिंह लोधी एवं करण सिंह लोधी ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जिसके बाद विनोद लोधी को डायल हंड्रेड की मदद से त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सकीय देखरेख में उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

### शाम को बादलों के बीच छाई सुनहरी छटा...



**गंजबासौदा।** दो दिन तक किसानों को चिंतित करने वाला मौसम बना रहने के बाद रविवार को आसमान से बादलों की विदाई शुरू हो गई है। रविवार की शाम को हल्के बादलों के बीच अस्त होते सूरज की किरणों से सुनहरी छटा नजर आई और मौसम सुहावना बना रहा।

### विदिशा निवासी महिला के साथ 22 मार्च को हुई थी सरेराह वारदात

# चैन स्नैचिंग: एक आरोपी को भोपाल से पकड़ लाई पुलिस, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत 22 मार्च की शाम पारासरी नदी पुल के समीप घर से खरीददारी करने के लिए गई महिला के गले से सोने की चैन झपटने वाले भोपाल निवासी एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया है। जबकि वारदात में शामिल उसका दूसरा और मुख्य साथी अभी फरार है।

ज्ञात हो कि गत 22 मार्च को विदिशा निवासी भारती रघुवंशी अपनी भाभी के साथ खरीददारी करने के लिए बाजार में आई हुई थीं। देर शाम जब वह वापिस अपने घर जा रहीं थी, इसी बीच पारासरी पुल के समीप नागरिक बैंक के पास पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चैन झपट ली और भाग निकले थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी तुरंत हरकत में आई और सड़क किनारे लगे हुए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों की सुरागरसी की और महज 10 दिन में ही पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपी को पकड लिया है। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की सुरागरसी करते हुए पुलिस भोपाल पहुंची, जहां से पुलिस ने निशांतपुरा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय विनोद बाल्मीकि को पकडा। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह जुआ सट्टा आदि खेलता था और रूपये हार जाने के बाद वह अकसर काजी कैंप निवासी फिरोज लोटिया के साथ भोपाल के आसपास इसी तरह की लूट की वारदात को अंजाम देता है। घटना का मुख्य आरोपी फिरोज उर्फ लोटिया अभी



पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस पर भी अन्य थाना क्षेत्रों में चोरी और लूट जैसे मामले दर्ज हैं।

इसकी भी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है। शहर थाना पुलिस का कहना है कि भोपाल पुलिस से लगातार संपर्क है और उसके घर के आसपास मुखबिरी को बढ़ा दिया गया है। शीघ्र ही वह आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा। हांलाकि पकडे गए आरोपित के पास से पुलिस लूटी गई सोने की चैन और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही दूसरे आरोपी को पकडने पर माल और बाइक बरामद कर ली जाएगी। इस कार्रवाई में टीआई शहर संजीव चौकसे, एसआई लक्ष्मण डाबर, राधेश्याम यादव, वीरेन्द्र पाल (सायबर सेल), प्रधान आरक्षक पवन जैन (सायबर सेल), विपिन नायक, लायक सिंह तोमर, आशीष यादव, राकेश रावत, सरमन साहू, शिव प्रताप सिंह, आजाद सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उधर इस घटना के बाद से ही नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से नगर में प्रमुख स्थानों पर उच्च क्वालिटी के सीसी टीवी कैमरे लगवाने की मांग की है।

## शीतला शक्ति धाम मंदिर में नवरात्रि की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर पर चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई हैं। ज्ञात हो कि नवरात्रि 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। जिसके चलते विभिन्न अनुष्ठान मंदिर पर आयोजित किए जाएंगे। पूरे परिसर की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। मंदिर सहित परिसर को विद्युत झालरों से सजाने की तैयारी प्रारंभ हो गई हैं। श्री शीतला शक्ति धाम सेवा समिति के राजीव सक्सेना ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन मंदिर में घट स्थापना की जाएगी। 13 अप्रैल को पंचमी पर रात्रि 12 बजे माँ काली की महाआरती होगी। 14 अप्रैल को भैरव छठ पर रात्रि 12 बजे भैरव बाबा की आरती होगी। 16 अप्रैल को महाअष्टमी पर रात 8 बजे महाआरती होगी एवं 1000 ज्योति प्रज्वलित की जाएंगी। 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर हवन की पूर्णाहुति के बाद सुबह 11 बजे कन्याभोज के साथ नवरात्रि पर्व का समापन होगा।

## ब्राह्मण दल ने खेली गुलाल से होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्राह्मण दल द्वारा देवनगरी बेहलोट में रंग पंचमी उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नाच गाने और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। दल के सदस्यों ने एक क्विंटल गुलाल से एक दूसरे से जमकर होली खेली। इस पर्व पर संगठन की महिला शाखा की सदस्याओं ने भी एकत्रित होकर रंग गुलाल पर्व को अनूठे ढंग से मनाया। इस मौके पर डीजे पर भगवान श्री कृष्ण राधा के होली भजन बजाए गए। इसी प्रकार महिला संगठन ने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और राधा कृष्ण मंदिर में भजन गाए। कार्यक्रम में संगठन के सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया। इस आयोजन में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से भी दल के सदस्य आयोजन स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम के समापन पर ठंडाई वितरित की गई।

## गंज-मंडी बायपास का हुआ डामरीकरण



**गंजबासौदा।** ग्राम गंज से हतोड़ा होते हुए नवीन मंडी पहुंचने वाले बायपास मार्ग के नवनिर्माण के बाद अब ठेकेदार द्वारा डामर डाल दिया गया है। इस मार्ग के थोडे बहुत हिस्से में डामरीकरण शेष है और उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। अब किसानों को बीच शहर से होकर मंडी नहीं जाना पड़ेगा अब सिरोंज रोड से आने वाले वाहन सीधे गंज से नई मंडी पहुंच जाएंगे।

## गुरुगादी धर्मशाला में साधु संतों के सानिध्य में होली मिलन समारोह के साथ भजन संध्या आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरु गादी ट्रस्ट धर्मशाला घटेरा में होली मिलन समारोह और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास क्षेत्र के साधु संत भी आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन गुरुगादी ट्रस्ट के महंत गुरु महाराज 1008 रामदास महाराज के द्वारा आयोजित किया गया था। आयोजन शनिवार रात को शुरू हुआ। जिसमें सबसे पहले भगवान को रंग गुलाल अर्पित कर उनसे मंगलकामना की गई। इसके बाद सभी ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। देर रात तक भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। मुरली धाम से पधारे संत परशुराम दास महाराज ने फूलों की



होली की वर्षा कर रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। सितार वादन से रईस अहमद ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर रामकृष्णदास महाराज, गोकल लोधी, राहुल चिढार, प्रवीण राय,, रतन राय, दीपेश राय, प्रकाश पटेल, रामसिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आज से होगा शुरू

**गंजबासौदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में निर्वाचन संबंधी मतदान प्रक्रिया आयोग के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो, इसके लिए मतदान दलों के अधिकारियों का विधानसभावार प्रशिक्षण आयोजित करने का शेड्यूल जारी किया है। गौरतलब हो कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर के अंतर्गत विदिशा जिले की तीन विधानसभाएं 146 कुरवाई, 147 सिरोंज और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद शामिल हैं।

इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के अंतर्गत जिले की दो विधानसभा 144 विदिशा एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा शामिल है। दोनों संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मतदान तिथि सात मई नियत की गई है। विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए कुल 7260 मतदानकर्मी तैनात किए जाएंगे। इन मतदानकर्मियों के लिए एक से पांच अप्रैल तक प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी तथा मतदान दल अधिकारी क्रमांक एक, मतदान दल अधिकारी क्रमांक दो एवं मतदान दल अधिकारी क्रमांक तीन प्रशिक्षण में शामिल होंगे। विकासखंड बार बासौदा में 1279, मतदानकर्मियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। मतदान अधिकारी, कर्मचारियों के लिए दो-दो सत्रो में प्रशिक्षण क्रमशः दस से एक बजे तक और द्वितीय प्रशिक्षण दो से पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। विधानसभा मुख्यालय पर नियत तिथि व समय पर आयोजित प्रशिक्षण स्थल क्रमशः बासौदा के मतदान अधिकारी व कर्मचारियों के लिए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय बासौदा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

प्रशिक्षण के लिए हरेक कक्ष में 40-40 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे। विधानसभावार कुल 138 सेक्टर आफीसर नियुक्त किए गए हैं। वहीं 26 रिजर्व में रखे गए है। जिले की पांचो विधानसभाओ में 15 एसएसटी टीम गठित की गई है इन टीमों में 45 अधिकारी कर्मचारी संलग्न किए गए है। इसी प्रकार पांच व्हीएसटी टीम, 15 एफएसटी टीम और रिजर्व हेतु 35 अधिकारी, कर्मचारी एसएसटी, एफएसटी और व्हीएसटी के लिए रखे गए हैं।

## हर कार्यकर्ता स्वयं प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़े: प्रतापभानु शर्मा




**गंजबासौदा।** रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक होली मिलन समारोह कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस के विदिशा, रायसेन लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला प्रभारी अमित शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार अहंकारी सरकार है। जो सत्ता में बैठने के बाद अपनी शक्तियों का दुरूपयोग भी करते हैं। कांग्रेस पार्टी ने इस बार शिवराज सिंह चौहान के सामने मुझे उतारा है, यदि शिवराज को कोई हरा सकता है, तो वह प्रतापभानु शर्मा है। प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रतापभानु शर्मा यानि स्वयं प्रत्याशी बनकर ही चुनाव लड़ना है। हमारे पास अनुभव की कमी नहीं है और लड़ाई का माद्दा भी ज्यादा है। विषम परिस्थितियों में हमारे कांग्रेस साथियों ने जनपद, जिला पंचायत के चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में लोकमत प्राप्त किया है और हमें आज भी सबसे अधिक वोट मिलते हैं। लेकिन विधानसभा चुनाव में की गईं गलतियों से सबक लेना होगा और पूरे बासौदा-ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र में ही प्रत्येक कार्यकर्ता को एक जुट होकर कार्य करना होगा। तब जाकर हम इस चुनाव को जीत सकते हैं। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने पत्रकारों से भी सवाल जबाब किए और उन्होंने इस बार के लोक सभा चुनाव में विदिशा सीट से अपनी जीत होने की बात कही। इससे पूर्व कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली व रंग पंचमी की बधाई देते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे कांग्रेस पार्टी के विदिशा- रायसेन लोकसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा के लिए कार्य करें। साथ ही कार्यकर्ताओं और नेताओं में जोश और उल्लास का माहौल देखा गया। वहीं कार्यकर्ता और नेताओं ने कांग्रेस के लिए काम करने की शपथ ली। साथ ही वक्ताओं ने आव्हान किया कि कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर सक्रियता के साथ कार्य करें एवं कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश मिश्रा व सुनील बाबु पिंगले ने किया और अंत में आभार भगवानदास शर्मा ने व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री वीरसिंह रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष सहकारिता नर्वदाप्रसाद शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, पूर्व विधायक निशंक जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विंग कमांडर अनुमा आचार्य, सीमा अहिरवार, विनीता सहरिया, प्रहलाद सिंह रघुवंशी, मयंक तेनगुरिया, विद्या यादव, मंजू कुशवाह, श्वेता जैन, मो.अदनान, खिलान सिंह रघुवंशी, राजेश जैन, गजराज सिंह कुशवाह, देवेन्द्र लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### औरंगपुर के सरपंच कुलदीप ने ली भाजपा की सदस्यता

**गंजबासौदा।** ग्राम पंचायत औरंगपुर के सरपंच कुलदीप लोधी के नेतृत्व में दर्जनभर से अधिक ग्रामीण युवाओं और अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भोपाल पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश जादौन एवं पूर्व मंत्री रामपाल सिंह सहित बडी संख्या में अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ईदुल फितर और हिन्दू नववर्ष पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच करेगा कार्यक्रम

# नववर्ष पर मंच बांटेगा नवीन वस्त्र, राशन, मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पवित्र माह रमजान मुबारक के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश कुमार की अध्यक्षता में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि बैठक में इंद्रेश कुमार ने देश को अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए एकता, अखंडता संप्रभुता समरसता बढ़ाने पर ज़ोर दिया है। उन्होंने सभी धर्मों को एक साथ चलने और एक दूसरे की इज्जत करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने देश को छुआ छूत मुक्त, दंगा मुक्त, हिंसा मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने का संकल्प लिया। साथ ही साथ उन्होंने देश में आने वाले लोकतंत्र के महापर्व पर लोगों को सूझ बूझ से काम लेने को कहा। उन्होंने कहा कि भड़काने, लड़ाने, देश तोड़ने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। हमें अपने वोट को बेशकीमती बनाए रखना है। रुपयों और धर्मों के आधार पर बिकना या बंटना नहीं है, क्योंकि राष्ट्र सर्वोपरि था है और रहेगा। इंद्रेश कुमार ने कहा कि पवित्र रमजान माह के बीच होली का त्यौहार आया, यह विविधता का प्रतीक था। और लोगों ने इसे खुशी और उत्साह के साथ मनाया। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिंदू भाइयों के साथ रंगों का पर्व मनाया। अब आगे ईस्टर, चैत्र नवरात्र और ईद आयेगी। रमजान के पहले शक्ति का महापर्व महाशिवरात्रि पूरी श्रद्धा और धूम धाम से मनाई गई और अब इन सब त्योहारों के बीच सबसे बड़ा त्योहार लोकतंत्र का महापर्व आ रहा है। जहां हम अपने आने वाले कल की तकदीर लिखते हैं। ऐसे में हमें बहुत सावधान और चौकन्ना रहना है। समाज में कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो वैमनस्यता फैलाना चाहते हैं। ऐसे संगठनों, दलों, समुदायों से देशवासियों को बचना चाहिए। हर किसी को अपने विवेक के आधार पर सोचना-समझना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि मंच हर साल की तरह इस बार भी ईदुल फितर एवं भारतीय नववर्ष पर गरीबो को नवीन वस्त्र, राशन सामग्री, मिठाइयां बांटेगा। आनलाइन बैठक में पूरे मुल्क से राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारीगण समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मच्छरों से परेशान

**गंजबासौदा।** जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है। वैसे ही नगर में मच्छरों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। निचली बस्तियों तथा पाराशरी नदी के किनारे के वार्डों में मच्छरों की संख्या बढ गई है। जिससे लोग शाम होते ही अपने घरों की गेट, खिड़कियां बंद करने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों ने नपा से मच्छर मार दवा के छिड़काव की मांग की है।

## यज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक आज



**गंजबासौदा।** वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर 10 अप्रैल से प्रारंभ हो जाने होने जा रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की विभिन्न व्यवस्थाओं संबंधी तैयारियों और दायित्वों को लेकर एक बैठक सोमवार को शाम 4 बजे स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित की गई है।

नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहरदास महाराज ने बताया कि साकेतवासी जगन्नाथ दास जी महाराज द्वारा कराए गए तुलसी विवाह के बाद उनकी ही प्रेरणा से करीब 90 साल बाद प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का विराट आयोजन 10 से 20 अप्रैल तक संपन्न होने वाला है। महोत्सव के दौरान भगवान जगदीश स्वामी, सीताराम दरबार, राम कथा 33 कुंडीय और श्रीसीताराम महायज्ञ के साथ रामलीला का भी मंचन होने जा रहा है।

इस आयोजन में काशी, उड़ीसा, अयोध्या के सहित अन्य तीर्थ क्षेत्र के संत,महंत महामंडलेश्वर और बड़ी संख्या में साधु समाज आयोजन की शोभा बढ़ाने शामिल हो रहे हैं। इसलिए आयोजन में सभी नागरिकों, श्रद्धालुओं की सहभागिता और सुझावों के लिए 1 अप्रैल सोमवार को शाम 4 बजे एक विशेष बैठक स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर में रखी गई है। समिति ने सभी गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं और धर्म प्रेमी बंधुओं से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### शाम होने से पहले ही शहर के आधे से ज्यादा दुकानदारों ने की अपनी दुकानें बंद, बाजार में पसरा सन्नाटा

# व्यापारियों को कैसे लगी खाद्य विभाग की टीम आने की भनक

## व्यापारी बोले - कलेक्टर साहब जो सहायक खाद्य अधिकारी किरण मैडम है वह 6 माह बाद पुनः निरीक्षण करने आ रही हैं, वे कभी भी व्यापारियों को फंसा देंगी, इनका स्थानातरण होना चाहिए






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में लगभग 6 माह बाद विदिशा से सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव एंव संदीप वर्मा निरीक्षण करने के लिए जब सिरोंज पहुचें तो निरीक्षण दल का एक नया रूप देखा गया। जिसमें खाद्य विभाग की टीम के साथ राजस्व विभाग का अमला व पुलिसकर्मी टीम के साथ निरीक्षण के दौरान मौजूद रहें। लेकिन जिस बात का डर था वही बात व्यापारियो के साथ सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव,संदीप वर्मा ने कर डाली।

उन्होने अपने चहीते व्यापारियो से पहले से ही कह दिया कि निरीक्षण दल में इस बार राजस्व विभाग का अमला और पुलिस कर्मी साथ है। इसलिए आप अपनी दुकान बंद कर चले जाए। क्योकि राजस्व विभाग के अमले व पुलिसकर्मियो के सामने हम आपकी मदद नही कर पाएगे। इसका परिणाम यह रहा कि जैसे ही खाद्य विभाग की टीम नगर के बासौदा नाका पर स्थित एक किराना दुकान पर सैंपल लेने पहुची तो वैसे ही नगर के छत्री नाका चौराहा, कठाली बाजार,चांदनी चौक, हाजीपुर, पुराना बस स्टेण्ड, नया बस स्टेण्ड पर स्थित अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानो पर ताला लगाकर घर चलें गए। वही जिन दुकानदारो को टीम की सूचना नही मिली वह दुकानदारो अपना व्यवसाय करते रहें और खाद्य विभाग की टीम ने उन दुकानो पर पहुचकर सैंपल लिए और दुकानदारो के खिलाफ कार्यवाही की।

### एसडीएम को भी नहीं रहती थी टीम आने-जाने की जानकारी




*खाद्य विभाग से सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव एंव संदीप वर्मा सिरोंज क्षेत्र काफी लंबे समय से निरीक्षण करने के लिए आ रहें है। वही यह दोनो अधिकारी कब निरीक्षण करने आते थे और कब चले जाते थे इसकी जानकारी सिरोंज के मुखिया एसडीएम को ही नही रहती थी। खाद्य विभाग की टीम सीधे निरीक्षण कर वापस लौट जाते थे। जबकि नियम यह है कि निरीक्षण दल यदि जब भी निरीक्षण करने के लिए निकलेगा तो पहले सिरोंज एसडीएम से अनुमति लेगा और उनके प्रतिनिधियो को अपने साथ लेकर निरीक्षण करने के लिए निकलेगा। लेकिन सिरोंज में ऐसा कुछ भी नही होता था और एसडीएम को भी यह जानकारी नही रहती थी कि शहर में खाद्य विभाग की टीम निरीक्षण करने के लिए आई थी।*

### आखिर सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव का क्यों हुआ सिरोंज आना बंद

*पहले तो सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव एंव संदीप वर्मा कई महिनों राजा बनकर सिरोंज के व्यापारियो जैसे कि मिठाई व क्रिता, किराना दुकानदार, बेकरी संचालक, वाटर प्लांट संचालको के यहा सहायक खाद्य अधिकारी का हर कभी आना जाना लगा रहता था। उस समय की यदि बात की जाए तो किसी भी व्यापारियो पर कोई प्रकरण नही बने। यदि किसी व्यापारी के खिलाफ कोई प्रकरण बनता भी था तो वह भी कागजों में बनकर वही कुछ घण्टों बाद समाप्त हो जाता था। लेकिन 4 जनवरी 2024 को रात्रि के समय निरीक्षण करने के लिए आए खाद्य विभाग के दो व्यक्ति जो कि चांदनी चौक स्थित गौरव ट्रेडर्स पर रात्रि 9 बजें के आसपास पहुचें और उस समय दुकान के संचालक राजेन्द्र जैन ने इन दोनो व्यक्तियो पर 15 हजार रूपये की मांग करने का आरोप लगाया था। जब दुकानदार व दोनो व्यक्तियो की लेनदेन की बात नही बनी तो सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव ने पुलिस थाना सिरोंज में दुकान संचालक के खिलाफ रिर्पोट दर्ज कराई थी।*

### एसडीएम ने टीम पर लगाया था प्रतिबंध

*सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव व संदीप वर्मा की कई गंभीर शिकायते जब व्यापारियों ने एसडीएम से की तो एसडीएम हर्षल चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर से चर्चा की। वही कलेक्टर ने विभाग को आदेश दिया था कि बगैर एसडीएम की अनुमति के आप शहर में निरीक्षण करने के लिए नही जाएगें। इसके बाद खाद्य विभाग की टीम सिरोंज में जांच करने ही नही आई।*

### व्यापारियों ने की थी खाद्य विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग

*खाद्य विभाग की सहायक अधिकारी किरण श्रीवास्तव,संदीप वर्मा के विरूद्व में नगर के कई व्यापारियो ने एसडीएम हर्षल चौधरी से मांग की थी कि टीम के दोनो अधिकारियो द्वारा हमेशा सैंपल के नाम पर व्यापारियो को परेशान किया जाता है और प्रत्येक माह लेनदेन की बात की जाती है। यह क्रम अधिकारी व व्यापारियो के बीच काफी लंबे समय से चल रहा था। लेकिन इसी बीच यह मामले की जानकारी मीडिया व वरिष्ठ अधिकारियो को लगी तो तब जाकर व्यापारियो ने राहत की सांस ली थी।*


### एसडीएम हर्षल चौधरी ने कराई वसूली बंद

*4 जनवरी 2024 को व्यापारी व खाद्य विभाग की टीम में जब विवाद हुआ तो व्यापारी वर्ग सडक पर उतर आया और समस्त व्यापारी एसडीएम हर्षल चौधरी को अपनी पीड़ा बताने पहुचे और जब व्यापारियो ने एसडीएम को अपना दुख बताते हुए कहा था कि सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव एंव संदीप वर्मा प्रत्येक माह नगर में आते है और दुकानदारो को सैंपल की धमकी देते है। साथ ही प्रत्येक माह व्यापारियो से विभाग की टीम द्वारा मोटी रकम मांगी जाती है। वही व्यापारियो ने कहा था कि काफी लंबे समय से खाद्य विभाग की टीम द्वारा व्यापारियो से राशि बसूली जा रही है। जिस पर एसडीएम ने कहा था कि यह व्यापारियो की गलती है कोई भी व्यापारी एक रूपया भी खाद्य विभाग के अधिकारियो को न दें। वही एसडीएम के आश्वाशन के बाद व्यापारियो में हर्ष व्याप्त था।*

### व्यापारियों को फिर सताने लगा टीम का डर

*काफी लंबे समय बाद जब नगर में सहायक खाद अधिकारी किरण श्रीवास्तव एंव संदीप वर्मा निरीक्षण करने आए तो उन्होने अपने पुराने व चहीते व्यापारियो को तो दुकाने बंद करने का तो कह दिया और पूर्व में जिन व्यापारियो द्वारा टीम की शिकायत की गई थी उन व्यापारियो की दुकानो पर टीम ने पहुचकर सैंपल की कार्यवाही की। वही अधिकांश व्यापारियो को यह डर सता रहा है कि यदि हमारी दुकान पर टीम सैंपल लेने आई और टीम के साथ किसी तरह का कोई विवाद हो गया तो हम फस जाएगें। इसलिए कुछ दुकानदारो ने टीम के डर से दो तीन दिनो तक अपनी दुकान ही नही खोली।*

## मुनि सुधा सागर जी से लिया मंदिर निर्माण के लिए आशीर्वाद



नगर के दिगम्बर जैन पचखनी जैन मंदिर के पुनः निर्माण के लिए समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी के नेतृत्व में जैन समाज के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जैन नसिया के उदधारक मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज को श्रीफल भेंटकर पचखनी जैन मंदिर में चल रहें निर्माण कार्यो की जानकारी दी और मुनि श्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर मुनि श्री का कुण्डलपुर के लिए चल रहें गमन में शामिल हुए। इस मौके पर प्रतिनिधि मण्डल में विशेष रूप से सौरभ जैन गुलाबगंज,पवन जैन आदि मौजूद रहे।

## जिला खेल और युवा कल्याण विभाग ने आदर्श ताइक्वांडो क्लब के 12 खिलाड़ियों खातो में डाली प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के 12 खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2023 की खेल प्रोत्साहन राशि खिलाड़ियों के खातों में जमा की गई। जिसमे आदर्श ताइक्वांडो क्लब के ताइक्वांडो खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 8 खिलाड़ियों जिनमे आस्था साहू, अंशिका पालीवाल, साम्या थापक, विधि कुशवाह, कृतिका कोली,समर्थ दिनकर, असद और अरनव यादव को दस-दस हजार रुपए की राशि एवं रजत पदक प्राप्त करने वाले 2 खिलाड़ियों में नवदीप जाट और



हिमांशी प्रजापति को आठ - आठ हजार रूपए की राशि एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले 2 खिलाड़ियों जिनमे ह्रद्यांश पटेल,दिव्यांश के खातों में छह-छह हजार की राशि जमा डाली गई।

इस अवसर पर आदर्श ताइक्वांडो क्लब के मुख्य कोच सरदार सिंह कुशवाह ने बताया कि प्रतिवर्ष खेल विभाग द्वारा राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल प्रोत्साहन के रूप में खेल वृद्धि प्रदान की जाती है। राज्य स्तर पर प्रदान की जाने वाली राशि स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर खिलाडियों को 10 हजार रजत पदक प्राप्त करने पर खिलाडियों को 8 हजार और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों को 6 हजार रूपये की राशि प्रतिवर्ष खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान की जाती है। इसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर 1 लाख की राशि रजत पदक प्राप्त करने पर 75000 की राशि एवं कांस्य पदक प्राप्त करने पर 50 हजार की राशि प्रतिवर्ष खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान की जाती है। आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों का प्रदर्शन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष सुधार का रहा है क्लब के खिलाड़ी प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य एवं राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर रहे हैं। क्लब के मुख्य कोच सरदार सिंह कुशवाह,सहायक कोच के रूप में दीपक अहिरवार,विशाल कुशवाह,निधि साहू,कविता कुशवाह के द्वारा दी गई ट्रेनिंग का परिणाम यह रहा कि क्लब के खिलाड़ी प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर रहे हैं।

### सेवानिवृत होने पर शाल श्रीफल देकर दी विदाई



**ग्यारसपुर।** पशु चिकित्सालय में पदस्थ द्वारका प्रसाद गोंड पशु परिचारक के पद पर पदस्थ थे उन्होंने अपनी 34 वर्ष की सेवा काल में पूरी निष्ठा ईमानदारी और समर्पण भाव से सेवाएं दी है यह कहा है उपसंचालक डॉक्टर नएन के शुक्ला के द्वारा। विभाग के खंड स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर व्हीएस मिर्दा के द्वारा भी द्वारका प्रसाद के कार्यकाल को लेकर उन्होंने भी उनकी काफी प्रशंसा की है और कहा है कि हमेशा 24 घंटा सेवाओं के लिए उपलब्ध रहते थे द्वारका प्रसाद कुछ भी काम कहा जाता था तो कभी ना नहीं करते थे। पूरी मेहनत और शिद्दत के साथ काम करते थे। हम उन्हें शुभकामना देते हैं कि वह अपने परिवार के साथ खुशहाल जिंदगी जिए। कार्यक्रम में डॉक्टर शैलेंद्र सिंह मोहित गौतम, राहुल एएमबी, कुमारी लीला बासकाले, बृजेश सोनिया ,एन के दीक्षित, प्रदीप तिवारी, राजेंद्र श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह, रामकृष्ण लोधी सहित दर्जनों की संख्या में विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर में आज से 7 दिवसीय श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के निकट घोघरा नदी के किनारे प्राचीन नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर पर आज एक अप्रेल से सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंग हो रहा है। श्रीराम कथा प्रारंभ होने से पूर्व दोपहर संकट मोचन हनुमान मंदिर से नगर की परंपरानुसार कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी।

प्राचीन नरसिंह टेकरी मंदिर का विगत अनेक वर्षों से निर्माण एवं कथा का प्रति वर्ष आयोजन हो रहा है। इस वर्ष आज से प्रारंभ हो रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा में महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी के मुखारविंद से नगर एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमियों को श्रीराम जी के चरित्र गुणानुवाद श्रीराम महिमा श्रवण का अवसर प्राप्त होगा। प्रतिदिन दोपहर से शाम 6 बजे तक कथा सुनने का समय रहेगी। श्री नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा में सम्मिलित होने प्रतिदिन कथा श्रवण का अनुरोध किया है।

### वन देवी छोटा करीला में हुआ राई नृत्य

**हैदरगढ़।** ग्राम पंचायत बरवाई से लगभग 2 किलोमीटर दूरी पर वन देवी मां जानकी लव कुश वाल्मीकि जंगलों के बीच विराजमान हैं। जहां पर कई वर्षों से राई नृत्य किया जाता है। हजारों की संख्या में यहां पर पहुंचे। श्रद्धालु यहां के लोगों ने बताया कि मां जानकी के दरबार में जो भी अपनी मनोकामना लेकर आता है



वह पूर्ण होती है और मनोकामना पूर्ण होने के बाद यहां पर लोग राई नृत्य करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई वर्षों से यह मेला लगता है लेकिन यहां पर रास्ता कच्चा होने के कारण रात के समय में कई मुसीबत का सामना करना पड़ता है। देखा जाए तो ग्राम पंचायत बरवाई से लगभग 2 किलोमीटर दूरी पर है और लोगों के लिए यहां पर आने-जाने के लिए रास्ते को लेकर यहां पर वाहन चालक को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

### हिउस के तत्वावधान में निकला चल समारोह



**बरेली।** होली से अधिक रंगपंचमी पर रंग गुलाल खेलने की दशकों पुरानी परंपरा है। हिउस के तत्वावधान में बडा बाजार शक्तिधाम मंदिर से रंग पंचमी का चल समारोह रंग गुलाल खेलते हुए प्रारंभ हुआ। चल समारोह में हिउस के पदाधिकारियों, व्यापारियों गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं की भारी उपस्थिति रही। रंग गुलाल खेलते हुए डीजे बैण्ड की धुनों पवर मस्ती करते युवाक नाचते हुए साथ रहे। बडा बाजार छोटा बाजार सब्जी मण्डी बाबडी मोहल्ला पशु चिकित्सालय रोड से मुख्य मार्ग पर घण्टों रंग गुलाल खेला जाता रहा। श्रीराम लील मैदान में चल समारोह के समापन के दौरान जमकर रंग गुलाल खेलने के साथ मस्ती का माहौल बना रहा।

## गीत, गजल और कविताओं से सजी शाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा पिछले &0 वर्षों से होली रंग पंचमी के बीच अ.भा. कवि सम्मेलन होली का हुड़दंग कवियों के संग वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार की रात में रामलीला मैदान में अ.भा. कवि सम्मेलन में सजी गीतों, गजल, शेरो शायरी, हास्य व्यंग एवं ओज की कविताओं का उपस्थिति श्रोताओं द्वारा भरपूर आनंद उठाया गया।

अ.भा. कवि सम्मेलन की शुरूआत नप अध्यक्ष हेमंत चौधरी, हिउस अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, समिति अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, समिति संरक्षक पत्रकार सुरेश बिदुआ, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, नप उपाध्यक्षर नेपाल सिंह राजपूत एवं अन्य सदस्यों द्वारा मॉ सरस्वती की पूजन प्रार्थना से की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्षर साहब सिंह धाकड़ ने स्वागत भाषण एवं समिति के सरंक्षक सुरेश बिदुआ ने निराला समिति के द्वारा वर्ष भर की जाने




वाली सामाजिक सरोकार से जुडी गतिविधियों सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। नप अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए समिति को स्व'छता अभियान से जुड़ने का आग्रह किया। समिति के सदस्यों पदाधिकारियों से जुडऩे का आग्रह किया। समिति के सदस्यों पदाधिकारियों ने सभी कवियों एवं गणमान्य नागरिकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस वर्ष शा. बालक हासे के प्राचार्य केके वानी को उनके शाला विकास भवन निर्माण एवं श्रेष्ठ शैक्षणिक गतिविधियों के लिए शाल श्रीफल भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। प्राचार्य वानी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी नगर वासियों के भरपूर सहयोग जनप्रतिनिधियों से भी मिली राशि का उपयोग कर नये आकर्षक सुविधापूर्ण भवन निर्माण का कार्य निरंतर जारी है। स्थानीय कवि प्रेम नारायण साहू, देवी जैन ने काव्य पाठ कर नगर में श्रेष्ठ कवि होने का आसपास कराया गया। विजय तिवारी भोपाल के गीत शेरो शायरी ने उपस्थित श्रोताओं का प्रभावित किया जाता रहा। नर कंकाल राय बरेली एवं अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज की हास्य व्यंग कविताओं का उपस्थित श्रोताओं ने भरपूर आनंद उठाया। रतलाम से पधारी सुश्री सरिता सरोज की श्रंगार भक्ति गीतों की प्रभावी छाई रही। गौरव चौहान इटावा द्वारा वीररस और राष्ट्रीय भक्ति से ओतप्रोत रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को अत्याधिक प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण साहू ने एवं कवि सम्मेलन का संचालन अजय मिश्रा जबलपुर द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन के दौरान अवध नारायण सक्सेना, भगवानदास राठी, नरेश जैन, सइद पठान, महेन्द्र भावसार, जेएस ठाकुर, राजेन्द्र चौधरी, नारायण धाकड सहित मौजूद रहे।

### शेरपुरा चित्रगुप्त मंदिर में शपथ ग्रहण समारोह व फाग उत्सव

## समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा कायस्थ समाज

### मंदिर को भव्य रूप देने एक लाख रुपए की राशि दान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कायस्थ समाज के निर्वाचन में चुनी गई नई कार्यकारिणी का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, गौकाष्ठ, पर्यावरण विद डॉक्टर योगेंद्र सक्सेना, रियल स्टेट व्यवसायी सुधीर श्रीवास्तव की उपस्थिति में कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्यों को शपथ दिलाई गई व प्रमाण पत्र दिए गए। नई कार्यकारिणी ने मुख्य अतिथियों का शाल श्रीफल व फूल माला से सम्मान किया।



कायस्थ समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने कहा की समाज को इसी तरह से संगठन रहना चाहिए। संगठित होने से ऊर्जा मिलती है और नई दिशा दिखाई देती है। रियल स्टेट व्यवसायी सुधीर श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त मंदिर को और भव्य बनाने एक लाख रुपए की राशि का चेक भगवान को समर्पित किया। उन्होंने कहा की जो भी सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी वह हमेशा तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की समाज के युवाओं के लिए आने वाले समय में मंदिर में ही एक लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें समाज के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तकें और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें समाज के परिवारों से ही एकत्रित कर संग्रहित की जाएंगी ताकि जरुरत पड़ने पर अन्य छात्रों को यह पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया की समाज के छात्र छात्राओं में शिक्षा को लेकर भटकाव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए भी नई कार्यकारिणी प्रयास करेंगी।

### प्रकृति को बचाएं, बच्चों पर अपनी सोच को न थोपें

पर्यावरण विद डॉक्टर योगेंद्र सक्सेना ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा की पर्यावरण को बचाने के क्षेत्र में समाज के युवाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा की यह धरती पांच तत्वों पर टिकी है। इसलिए पर्यावरण बचाने के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए जाएं जिससे हम पांचों तत्वों को बचा सकें। उन्होंने कहा की समाज के उत्थान के साथ साथ शहर की अन्य गतिविधियों में भी कायस्थ समाज का सबसे अग्रणी योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा की समाजजन अपने बच्चों पर स्वयं की सोच को न थोपें। बच्चों की जिस क्षेत्र में रुचि हो उस क्षेत्र में ही उन्हे आगे बढ़ने प्रेरित करें।

### ग्यारसपुर की ऐतिहासिक इमारतों को देखने पहुंचे छात्र

**ग्यारसपुर।** नगर की ऐतिहासिक इमारतों को देखने के लिए एसएटीआई कॉलेज विदिशा के विद्यार्थी ग्यारसपुर पहुंचे। सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान अपने शिक्षकों के साथ ग्यारसपुर की ऐतिहासिक इमारतें जिसमें माला देवी मंदिर, बाजरा मठ, हिंडोला तोरण, आठ खम्मा ढैकीनाथ बौद्ध स्तूपों को देखा। सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा का शिविर धतुरिया के पास रूसल्ला में लगा हुआ है। भ्रमण के द्वारा लेक्चर बृजेश प्रजापति ने बताया कि सभी विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के तहत यहां पर आए हुए हैं। विद्यार्थियों यहा की कला एवं विरासत की पेंटिंग एवं स्ट्रक्चर बनाएंगे, जो छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा उसको पुरस्कृत किया जाएगा। शिविर के 5 दिन आज ग्यारसपुर की ऐतिहासिक धरोहर और विरासत को देखने के लिए आए हुए थे।

## दिगवाड़ के बाद मांगरोल चेक पोस्ट पर छह लाख रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद विभिन्न प्रमुख मार्गों पर एसएसटी चैकिंग पोस्ट स्थापित की गई है। पिछले दिनों बाडी बक्तरा मार्ग पर बनी दिगवाड पोस्ट पर 9 लाख रूपये नगदी एक वाहन से जप्त किए गए थे। बरेली पिपरिया चैकिंग पोस्ट पर साडिया से बरेली की ओर आ रहे आविद खान पुत्र रऊफ खान से 6 लाख नगदी राशि पकडी गई।

संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर दिन रात वाहनों की जांच की जा रही है। कार क्रमांक एमपी 04 सीवाय 6001 में बाडी निवासी आविद खान बरेली की ओर आ रहे थे। वाहन की तलाशी में 6 लाख रुपए मिले। आविद खान 6 लाख रूपये के संबंध में स्पष्ट जानकारी और दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर जप्ती की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार जयपाल उइके, उप निरीक्षक जयदीप सिंह भदौरिया एवं एसएसटी टीम के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।बरेली में क्षेत्र की सबसे बड़ी कृषि उपज मण्डी है। भारी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने पिपरिया भी जाते है। बरेली में सर्राफा और किराने के बड़े व्यापारी और कारोबार है। किसान, व्यापारी एवं अन्य लोगों द्वारा अधिकांश लेनदेन नगदी में किया जाता है। नगदी में व्यापार करने वाले दुकानदारों और किसानों में वाहन चैकिंग में नगदी मिलने पर जप्ती की कार्यवाही को लेकर चिंता है।



गांव में बनी हुई जल संकट की स्थिति

# 1 हैंडपंप के भरोसे पूरे गांव के रहवासी, बाइक से ढो रहे पानी, दम तोड़ रही है हर घर नल से जल देने की योजना

## » पाइप लाइन डालने के बाद ठेकेदार ने नहीं ली शुरू करने की सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

ग्रामीण इलाकों में साफ पानी मुहैया कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत शुरू कराई गई नलजल योजना सिर्फ छलावा साबित हो रही हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद योजना को तैयार तो करा लिया गया है, लेकिन योजना चालू नहीं होने से इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत शाहपुर के ग्राम मादा का यहां 1 साल पहले सड़कों को खोदकर पाइपलाइन बिछाई गई और घर-घर पानी देने का वादा किया गया था। मगर ग्राम मादा में 1 साल बीतने के बाद भी घर-घर पानी नहीं पहुंच पाया है। जिससे ग्रामीण पानी के लिए यहां वहां भटक रहे हैं।

### पूर्व सीएम के संकल्प पर अफसर फेर रहे पानी

*पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2023 तक सभी गांवों में नल से जल पहुंचाने का संकल्प लिया गया था। उन्होंने कहा था कि सरकार द्वारा गांवों के विकास के साथ-साथ लोगों के कल्याण के लिए, उनके विकास के लिए भी प्रमुखता से काम किया जा रहा है। सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में नल से जल पहुंचाने का काम बड़े जोर शोर से किया जा रहा है कि महिलाओं को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्हें घर पर ही नल से पानी उपलब्ध होगा, कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन शाहपुर के मादा गांव में ऐसा नहीं हो रहा है । पीएचई विभाग के जम्मिेदार अधिकारी सरकार की जल जीवन मिशन योजना को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। और लाखों रुपए बर्बाद करके निर्माण कार्यों को शो पीस बनाया जा रहा है। जिसकी वजह से गांव की महिलाओं को परेशान होकर घंटों इंतेजार के बाद पीने का पानी मिल पा रहा है।*



### मादा गांव में 1 साल बाद भी शुरू नहीं हुई नल जल योजना

*प्रदेश सरकार की हर घर नल से जल देने की योजना जिले में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट की स्थिति बनी हुई है।गांव-गांव नल जल योजना के तहत पानी टंकी बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना का लाभ ग्रामीणों को समुचित तरीके से नहीं मिल रहा है। सांची के शाहपुर पंचायत के गांव मादा में इस योजना के तहत पूरे गांव की सड़कों को खोदकर वहां नई पाइप लाइन बिछाई गई। साथ ही लोगों को पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन दिए गए। नल कनेक्शन मिलने के साथ लोगों को उम्मीद बंधी की उन्हें अब पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। और सुबह वा शाम दोनों समय उन्हें पानी की सुविधा मिलेगी। नल कनेक्शन मिलने के साल भर बाद भी ग्रामीणों के नलों में आज तक पानी की सप्लाई नहीं हुई है। वहीं गांव में सिर्फ एक हैंडपंप है उसमें भी पानी कम आ रहा है। जिनसे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटकते हुए नजर आ रहे हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि अगर समस्या जल्द ही सही नहीं की गई तो आगे उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।*

### समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे

*गांव की जनता पानी के लिए परेशान रहती है। गांव में एक ही हैंडपंप है। लेकिन पानी हमारे घर तक नही पहुंच पा रहा है। महिलाएं व बच्चों को सुबह से ही पानी के लिए परेशान होना पड़ता हैं। नलजल योजना शुरू होने के इंतेजार में 1 साल से बंद पड़ी है। अगर शीघ्र ही हमारी समस्या का समाधान नही हुआ तो हम आंदोलन करेंगे।*

- शांति बाई, स्थानीय महिला मादा गांव।

### एक साल बाद भी समस्या वहीं की वहीं

*पानी भरने के चक्कर में हम लोग मजदूरी करने नही जा पा रहे हैं। गांव में एक ही हैंडपंप हैं जो लगभग 200 से 300 घरों के पीने के पानी का सहारा है। गांव में नल जल योजना की पाईप लाईन डली तो हम लोग खुश हुए की अब पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी। लेकिन 1 साल बीत जाने के बाद भी समस्या वहीं की वही है।*

- शकुंतला बाई, स्थानीय महिला।

### हैंडपंप से निकलता है लाल पानी

*मादा गांव में 1 हैंडपंप है लेकिन उसमें भी पानी पीने योग्य नही है कभी कभी लाल पानी आने लगता है। पूरा गांव हैंडपंप के सहारे अपनी प्यास बुझा रहा है। मोटरसाइकिल से पीने का पानी ढोना पड़ रहा है। जम्मिेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे है। जिसकी वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।*

- भगवान सिंह, स्थानीय ग्रामीण।

---

**खबर संक्षेप**

### एग्जिट पोल तथा परिणाम का प्रकाशन 19 अप्रैल से एक जून तक प्रतिबंधित

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतरू प्रतिबंध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा।

---

## रंगपंचमी में शामिल होकर विदिशा से भोपाल लौट रहा था परिवार

# हाइवे-18 पर ट्राले ने मारी टक्कर, 3 घायल विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे के कर्क रेखा के पास एक तेज़ रफ्तार ट्राले ने सवारी ऑटो में टक्कर मार दी थी। टक्कर से ऑटो में बैठे हुए तीन लोग गंभीर घायल हो गए थे। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से पहले सांची स्वास्थ्य केंद्र फिर विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

वहीं सलामतपुर पुलिस ने ट्राला एमपी 04 एचई 4730 ज़ब्त कर चालक पर धारा 279, 337 आईपीसी का मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि शनिवार को रंगपंचमी के चलते करीला जाने वाले वाहनों की वजह से भोपाल विदिशा हाइवे पर यातायात का अत्यधिक दबाब था। जिसकी वजह से सैंकड़ों वाहन करीला की और जा रहे थे। हर वर्ष रंगपंचमी के दिन करीला जाने वाले अत्यधिक वाहनों की वजह से हादसे होते हैं।

### रंगपंचमी में शामिल होकर भोपाल लौट रहा था परिवार

शनिवार को मेशकर परिवार दोपहर के समय भोपाल से अपने ऑटो एमपी 04 जेडएस 0285 से विदिशा अपनी ससुराल शेरपुरा गया था। वहां पर सास की पहली रंगपंचमी थी। वापस भोपाल जाते समय रास्ते में लगभग साढ़े आठ बजे भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 कर्क रेखा पर भोपाल की और से विदिशा की और जा रहे ट्राले एमपी 04 एचई 4730 ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार झुग्गी झोपड़ी नारियल खेड़ा भोपाल निवासी संजय मेशकर उसकी पत्नी भावना मेशकर साला शुभम को गंभीर चोटें आ गईं।

वो तो गनीमत रही कि इनके साथ 3 वर्षीय आयशा और 10 महीने की आरुषि को कोई चोट नही आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सांची अस्पताल रेफर किया। जहां से फिर घायलों को विदिशा के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### रहवासियों ने हाइवे को 4 लाइन करने की मांग की

भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है।

क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।

### अपराध पंजीबद्ध किया है...

*थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ट्राले ने सवारी ऑटो में टक्कर मार दी जिसकी वजह से 3 लोग पति पत्नी और साला घायल हो गए थे। जिन्हें 108 की मदद से सांची स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया है। वहां से घायलों को विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। फरियादी संजय मेशकर की रिपोर्ट पर ट्राला चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर ट्राले को जब्त कर लिया है।*

- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।

*नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। जिसकी वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नही लगाए हैं। इसीलिए यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस सड़क को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।*

- रघुवीर मीणा, सरपंच ग्रा.पं. राताताली।

---

# यातायात पुलिस ने एसएसटी पॉइंट पर की वाहनों की जांच

## 12 वाहन चालकों पर लगाया गया जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा रविवार को भोपाल मार्ग पर स्थित खरवाई एसएसटी चेकिंग पॉइंट आदर्श वाहनों की जांच पड़ताल की गई। जिसमें आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले 12 वाहनों पर जुर्माना भी लगाया है। इन से कुछ वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं थी राजनीतिक पार्टी संबंधित चिन्ह वाहन पर लगे थे काली फिल्म लगी थी ऐसे 12 वाहनों पर 6 हजार की जुर्माने की कार्रवाई की गई।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कल भी जिले के मांगरोल एसएसटी चेकिंग पॉइंट पर एक कर से 6 लाख रुपए जब्त किए गए थे।

# बीच रोड पर ट्रक हुआ खराब वाहन चालक हुए परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर ट्रैफिक अधिक होने के कारण वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विदिशा से भोपाल जा रहा ट्रक का देहरी तलाव के पास पहिए का पत्ता टूट गया जिस कारण ट्रक 2 दिन तक रोड पर ही खड़ा रहा उसके दूसरे दिन ही रंगपंचमी का तोहार था। रंग पंचमी के दिन करीला का मेला लगता है उस दिन इसी रोड से लाखों की संख्या में छोटे बड़े वाहन निकलते हुए जाते हैं बीच रोड पर ट्रक खराब हो जाने के कारण अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना।

बार-बार रोड जाम की स्थिति बनी। जब दूसरा ट्रक आया उसमें खराब हुए ट्रक का माल भरा तब जाकर ट्रक बीच रोड से हटा।

---

# विजयासन मंदिर परिसर में खेली गई फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के प्रसिद्ध मॉ विजयासन मंदिर परिसर में रंग पंचमी के अवसर पर फूलो की होली खेली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शनिवार को रात्रि के समय मॉ विजयासन की आरती की गई। आरती प्रश्चात श्रद्धालुओं ने जमक र फूलो की होली खेली। मॉ विजयासन मंदिर समिति के अध्यक्ष पप्पू नेमा ने बताया कि

नगर के मां बिजासन माता मंदिर पर आरती के बाद फूलों की होली खेली गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जमकर एक दूसरे पर फूल बरसाए। इसके बाद होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। वहीं मां बिजासन मैया के जमकर जाय करें लगाए गए। तथा मंदिर परिसर में जमकर गुलाल उड़ाया तथा एक दूसरे ने होली की शुभकामनाएं दी। मां बिजासन मैया भोलेनाथ एवं भगवान श्री कृष्णा और राधा रानी को सबसे पहले उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुलाल लगाया उसके बाद मंदिर परिसर में फूलों और गुलाल की होली की शुरुआत की गई। मां बिजासन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष पप्पू नेमा ने बताया कि

बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंग पंचमी के पावन अवसर पर माता रानी के दरबार में फूलों की होली का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें बड़ी संख्या में मैया के श्रद्धालुओं ने भाग लिया एवं फूलों के होली खेली।

### नायक गार्डन में भाजपा का होली मिलन समारोह आज

**सिलवानी।** भाजपा मंडल सिलवानी द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होगे। होली मिलन समारोह को लेकर भाजपा मंडल सिलवानी के द्वारा तैयारियां पूर्ण कर आमंत्रितो को सूचित किया जा चुका है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन नगर के नायक गार्डन में सोमवार सुबह 10 बजे में किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने की लोकसभा चुनाव गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु की जा रही कार्यवाहियों को विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिले में उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल है, जहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से उदयपुरा विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी संतोष मुग्दल से निर्वाचन कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सांची, सिलवानी और भोजपुर विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों से विधानसभा क्षेत्रों में सम्पादित की जा रहीं निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नियुक्त प्रेक्षकों के आगमन के आगमन पर चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में सभी मतदान केन्द्रों में तेज गर्मी से बचाव हेतु समुचित प्रबंधक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था की जाए। निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण पर चर्चा की।

---

## नई शिक्षा नीति से बच्चों में स्कूल के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने की कवायद

# सरकारी स्कूलों के बच्चे भी खेलेंगे, गाएंगे और बनाएंगे मिट्टी के खिलौने

### ◆ नए सत्र में होंगे कई बदलाव, बढ़ेंगी व्यवस्थाएं

### » विद्यालयों में एक अप्रैल से लागू होगा नया शिक्षा सत्र, कैलेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अब तक सिर्फ अंग्रेजी माध्यम के प्ले ग्रुप स्कूलों ही बच्चों को गतिविधि आधारित षिक्षा प्रदान की जाती थी, परंतु 1 अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षणिक सत्र में सरकारी स्कूलों में वाले बच्चे भी प्रवेश लेने खेल खेल में ज्ञानार्जन करेंगे, क्योंकि लोक संचालनालय एवं राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं अप्रैल से नवीन कक्षाओं में प्रावधिक प्रवेश देने के पश्चात ग्रीष्मावकाश के पूर्व तक कक्षा एक के लिए नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है।

इसी क्रम में शिक्षकों द्वारा को स्थानीय खेल स्टैचू, टापू,बच्चों घोड़ा,बादाम शाही,ए चिडिया फुर्र आदि खेल खिलाकर पढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर गाए जाने वाले गीतो को संकलन करते हुए खेल खेल में गीतों के माध्यम से भी बच्चों को पढ़ा व सिखा सकते हैं। बच्चों को मिट्टी के खिलौने बनाकर उसके अनुरूप कार्रवाई समय सीमा में भी पशु,पक्षियों की आकृति और उनके गुणों, आदतों के बारे में जानकारी दी जा सकती है। शिक्षक इसके अलावा कागजों की कटिंग,कागजों की फोल्डिंग बनाकर पतंग, फूल,गेंद, चकरी, नाव,हवाई जहाज सहित अन्य वस्तुओं के बारे में बता सकते हैं। अधिकारियों का मानना है कि जब स्कूल में बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई कराई जाएगी तो बच्चों की स्कूल में दिलचस्पी बढ़ेगीए जिसके कारण स्कूलों में बच्चों की हाजिरी बढ़ेगी। बच्चे जब स्कूल आएंगे तो नियमित रूप से सीखेंगे, जिससे उनका ज्ञान भी बढ़ेगा।

### विद्यार्थियों की प्रगति से अवगत होंगे अभिभावक, राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किए स्कूलों के लिए निर्देश

*सिलवानी। सरकारी व निजी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए नवीन शिक्षा सत्र 2024- 25 में नामांकन एवं पुनर्भ्यास संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने निर्देश के साथ हर माह के लिए शैक्षणिक गतिविधियों का कैलेंडर जारी किया है। पहले एक माह तक विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के लिए पुनर्भ्यास कराया जाएगा। इसके बाद जून में जब स्कूल खुलेंगे तो नई कक्षा की पढ़ाई शुरू होगी। सत्र के प्रारंभ में विद्यार्थियों में विज्ञान,गणित एवं भाषा विषय की कठिन अवधारणाओं का अभ्यास 30 अप्रैल तक कराया जाएगा, जिससे गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर विद्यार्थियों को पढ़ाई में कोई कठिनाई ना हो। हर माह के लिए शैक्षणिक गतिविधियों का कैलेंडर जारी किया गया है। पांचवीं व आठवीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा अप्रैल माह के तृतीय सप्ताह में संभावित है। सत्र 2023-24 में पांचवीं एवं आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक अप्रैल से अगली कक्षा में प्रावधिक प्रवेश दिया जाए।*

#### विद्यार्थियों की प्रगति से अवगत होंगे अभिभावक

*राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक अप्रैल के प्रथम पखवाड़े में तीन से 13 अप्रैल के बीच अभिभावकों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के पिछले वर्ष की शैक्षणिक स्थिति के साथ.साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में आयोजित होने वाली गतिविधियों से अवगत कराना है।*

#### शाला त्यागी बच्चों को चिन्हिंत करने के निर्देश

*पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया जाए। इसके अतिरिक्त समग्र शिक्षा पोर्टल के माध्यम से छह साल की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों की सूची के माध्यम से पहली कक्षा में प्रक्रिया पूरी की जाए।*

### छूटी दक्षता पूर्ण कराएं,उत्तर लिखने का अभ्यास कराएं

कक्षा 2 और 3 में क्रमश कक्षा 1 और 2 की 10वे, 20वे एवं 30वे सप्ताह की जिन दक्षताओं में सीखना शेष रह गया है उनको चिहांकित करते हुए अभ्यास के अवसर प्रदान किया जाएं एवं छूटी दक्षता को पूर्ण कराया जाए। इसके अलावा कक्षा 4 से 5 में कक्षोन्नत विद्यार्थियों की पूर्व कक्षा के प्रश्न पत्रों को हल करते हुए आदर्श उत्तर लिखने का अभ्यास कराया जाए।